मांग संख्या 67

मुख्य शीर्ष 2059

मद क्रमांक 1

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं उपचार हेतु चिकित्सालयों को कोविड वार्डो का स्थानांतरण, अपग्रेडेशन एवं स्थापित किये जाने हेतु राशि ₹2500.00 लाख की आवश्यकता है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹25,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 2

नवगठित जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में लोक निर्माण विभाग विद्युत/यांत्रिकी उप संभाग खोलने 05 हेतु संभावित व्यय राशि ₹100.00 लाख पर इस वर्ष व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	पदनाम	वेतनमान	पद संख्या
1	अनुविभागीय अधिकारी (वि/यां)	लेवल 12	01
2	उप अभियंता (वि/यां)	लेवल 8	01
3	सहायक ग्रेड-2	लेवल 6	01
4	सहायक ग्रेड-3	लेवल 4	01
5	भृत्य	लेवल 1	01
योग			**05**

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4059

मद क्रमांक 3

माननीय विधानसभा अध्यक्ष निवास एवं विधानसभा सचिवालय में ऑटोमेटिक ह्यूमन बॉडी टेम्प्रेचर स्क्रीनिंग सिस्टम, अनुमानित लागत राशि ₹80.00 लाख व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹80,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 4

जिला न्यायालय बेमेतरा के सर्वर रूम में 02 नग एयर कंडीशनर 2.0 टन क्षमता वाली संस्थापित किये जाने हेतु ₹ 1.023 लाख का व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹1,02,300 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 5

नवा रायपुर अटल नगर स्थित सेक्टर-19 में निर्धारित स्थल पर नवीन विधानसभा भवन का निर्माण कार्य (अनुमानित लागत राशि 27000.00 लाख), इस वर्ष व्यय ₹100.00 लाख पर इस वर्ष व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा।

अत: इस प्रयोजन हेतु कुल ₹100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 6

जिला रायपुर एवं दुर्ग में कम्पोजिट बिल्डिंग निर्माण एवं कलेक्टर भवन का उन्नयन कार्य हेतु अनुमानित कुल लागत राशि ₹2000.00 लाख इस वर्ष व्यय राशि ₹600.00 लाख व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹6,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 7

नवगठित जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में सर्किट हाऊस का निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत राशि ₹500.00 पर इस वर्ष व्यय राशि ₹100.00 लाख व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है

मद क्रमांक 8 से 9

केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत जिला न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के लिए निर्मित मल्टीस्टोरिड आवासीय परिसर में 8 नग लिफ्ट संस्थापित करने हेतु ₹ 114.67 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 1,14,67,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4202

मद क्रमांक 10

1. शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर पी.जी. महाविद्यालय पाटन जिला दुर्ग में सेन्टर फॉर एक्सीलेंस, ग्रंथालय, इन्डोर स्टेडियम, स्टाफ क्वार्टर एवं अन्य निर्माण हेतु (अनुमानित लागत ₹ 36.36 करोड़) ₹ 720.00 लाख का व्यय संभावित है।

2. रानीतराई, विकासखण्ड-पाटन, जिला-दुर्ग में नवीन शासकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु (अनुमानित लागत ₹ 465.84 लाख़) इस वर्ष 93.00 लाख का व्यय संभावित है।यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 7,20,00,100 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 11

1. राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर के हॉकी मैदान में गैलरी निर्माण एवं फ्लड लाईट (अनुमानित लागत ₹ 1310.82 लाख) लगवाने हेतु इस वर्ष ₹ 10.00 लाख का व्यय संभावित है।

2. राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में कबड्डी (इण्डोर/आऊटडोर) मैदान निर्माण (अनुमानित लागत ₹ 468.51 लाख) हेतु इस वर्ष ₹10.00 लाख का व्यय संभावित है।

3. ग्राम रानीतराई विकासखण्ड पाटन जिला दुर्ग में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु इस वर्ष ₹40.00 लाख का व्यय संभावित है।

4. ग्राम जंजगिरी, तहसील पाटन, जिला-दुर्ग में जूडो एकेडमी भवन एवं छात्रावास भवन (अनुमानित लागत ₹711.94 लाख) के लिए ₹10.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इन प्रयोजनों हेतु ₹70.00 लाख के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4216

मद क्रमांक 12 से 14

माननीय उच्च न्यायालय परिसर रहंगी बिलासपुर के सेक्टर क्रमांक-1 में निर्माणाधीन बंगला क्रमांक बी-8 एवं बी-9 में स्पिलट एयर कंडीशनर संस्थापित करने हेतु ₹ 1.883 लाख का व्यय संभावित है।

माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर रहंगी बिलासपुर के सेक्टर क्रमांक-1 में स्थित रेलवे आरक्षण केन्द्र में 1.5 टन के एयर कंडीशनर संस्थापित करने हेतु ₹ 0.514 लाख का व्यय संभावित है।

माननीय उच्च न्यायालय आवासीय कॉम्प्लेक्स बिलासपुर के सेक्टर क्रमांक-3 में स्थित एफ-1 टाईप ब्लॉक के पीछे बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु ₹ 4.24 लाख का व्यय संभावित है।

केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत व्यवहार न्यायालय कबीरधाम (कवर्धा) के आवासीय परिसर के चारों ओर बाऊण्ड्रीवॉल कराये जाने हेतु ₹ 18.24 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 24,87,700 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।